आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 22.09.2025**

**मुख्य समाचारः–**

- वस्तु और सेवा कर की नई दरें आज से देशभर में लागू हो गई हैं।

- नारायणपुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो इनामी माओवादी मारे गए।

- बस्तर के युवाओं को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित "बस्तर ओलम्पिक के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन शुरू।

- मां शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र पर्व आज से शुरू हो गया है।

---------------

**जीएसटी दर–लागू**

वस्तु और सेवा कर की नई दरें आज से देशभर में लागू हो गई है। अब केवल पांच और अट्ठारह प्रतिशत के दो स्लैब रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर दरों में कटौती से दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती होंगी और उपभोग आधारित वृद्धि की गति तेज़ होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक देश एक कर का सपना साकार हो गया है। प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर बदलावों को अगली पीढ़ी का सुधार बताया है, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती तथा आम लोगों को राहत मिलेगी। राष्ट्र के नाम संबोधन में कल शाम प्रधानमंत्री ने नवरात्र के पहले दिन से लागू हो रहे जीएसटी सुधारों को बचत उत्सव का नाम दिया है।

## जीएसटी दर–उपमुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवरात्रि के पावन पर्व पर देश में जीएसटी बजट उत्सव प्रारंभ किया है। रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा कि इससे देश के आमजन, महिलाओं, छात्रों, किसानों और युवाओं के जीवन में समृद्धि और खुशहाली आएगी।

## माओवादी मुठभेड़

नारायणपुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं। इन पर कुल अस्सी लाख रूपए का इनाम घोषित था। जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि महाराष्ट्र–छत्तीसगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों को रवाना किया गया था। इसी दौरान अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों के जवानों पर माओवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से दो माओवादियों के शव बरामद किए गए। मारे गए माओवादियों की पहचान सीपीआई माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य के रूप में हुई है। वहीं, मौके से एके फोर्टी–सेवन, इंसास रायफल, बीजीएलएल लांचर सहित भारी मात्रा में विस्फोटक और माओवादी सामग्री भी बरामद की गई है।

## जवान–अंतिम संस्कार

मणिपुर में उग्रवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए बस्तर जिले के जवान रंजीत सिंह कश्यप का आज उनके गृह ग्राम बालेंगा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और सुरक्षा

बलों के जवानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इससे पहले, कल शाम रंजीत कश्यप का पार्थिव शरीर रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल लाया गया, जहां पर उन्हें जवानों ने श्रद्धांजलि दी।

गौरतलब है कि मणिपुर में उन्नीस सितंबर को असम राइफल्स के काफिले पर उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में बस्तर के जवान रंजीत सिंह कश्यप सहित दो जवान शहीद हो गए थे।

**कोयला / पीएससी / नान मामला—गिरफ्तार**

अवैध कोल लेवी वसूली घोटाला मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने कई स्थानों पर छापेमारी के बाद जयचंद कोसले को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चौदह दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। ईओडब्ल्यू के मुताबिक जयचंद कोसले, राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया का मुख्य सहयोगी था। जयचंद कोसले द्वारा अवैध कोल लेवी वसूली की राशि का लगभग पचास करोड़ रूपए का व्यवस्थापन किया गया है।

वहीं, सीजीपीएससी घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार पांच आरोपियों को आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। सीबीआई ने सीजीपीएससी के पूर्व सचिव जीवन किशोर ध्रुव, पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, सुमीत ध्रुव, निशा कोसले और दीपा आडिल को सीबीआई ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था।

इसी तरह, नागरिक आपूर्ति निगम घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अधिकारी डॉक्टर आलोक शुक्ला आज ईडी की विशेष अदालत में सरेंडर के लिए पहुंचे। जहां सरेंडर आवेदन स्वीकार होने के बाद ईडी ने डॉक्टर शुक्ला को रिमांड पर ले लिया है।

**बस्तर ओलंपिक–पंजीयन**

बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आयोजित "बस्तर ओलम्पिक के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन आज से शुरू हो गया है। पंजीयन प्रक्रिया बीस अक्टूबर तक चलेगी। इसके बाद पच्चीस अक्टूबर से पांच नवम्बर तक विकासखण्ड स्तरीय, पांच से पन्द्रह नवम्बर तक जिला स्तरीय और चौबीस से तीस नवम्बर तक संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी। इसके तहत एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल और रस्साकशी जैसे खेल होंगे।

इस आयोजन में माओवाद हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों और आत्मसमर्पित माओवादियों को सीधे संभाग स्तर पर भाग लेने का मौका मिलेगा। राज्य सरकार ने सभी संभागायुक्त और जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**सेवा पर्व**

सेवा और सुशासन, अर्थात सार्वजनिक सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने किफायती आवास और आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित किया है, जिससे लाखों लोगों के जीवन में आसानी हुई है।

पिछले ग्यारह वर्षों में दृढ़ संकल्प के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पूरे देश में परिवर्तन के बीज बोए हैं। 17 नवंबर 2020 को दिए अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि नागरिक–केंद्रित सुधारों के माध्यम से, जीवन को सरल और सुगम बनाया गया है और लोगों के दिलों के और करीब पहुँचाया गया है, खासकर उन लोगों के जो अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिए जाते हैं। किफायती आवास इन प्रयासों के केंद्र में है। इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने दो व्यापक मिशन शुरू किए हैं; प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी

और प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, ताकि गुणवत्तापूर्ण आवास तक पहुँच सुनिश्चित हो सके। स्मार्ट सिटी मिशन की रोशनी में शहर भी नहा रहे हैं। इस योजना के तहत 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 7,500 से अधिक परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं। अमृत और अमृत 2.0 के तहत लाखों स्वच्छ जल और सीवरेज कनेक्शन, हज़ारों पुनर्जीवित हरित क्षेत्र और जलाशय, और ऊर्जा–कुशल एलईडी बल्बों से सड़कें रोशन की गईं। इसके अलावा, उजाला योजना के तहत देश भर के घर एलईडी बल्बों से जगमगा रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत स्वच्छ खाना पकाना हकीकत में बदल गया है। जल–जीवन मिशन के माध्यम से अब गाँवों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा रहा है, और स्वच्छ भारत मिशन की स्वच्छता से शहरी और ग्रामीण परिदृश्य चमक रहे हैं।

जल जीवन मिशन की लाभार्थी, महासमुंद जिला, छत्तीसगढ़ की उमा ध्रुव ने अपना अनुभव साझा किया है। गलियों और गांवों के पार, कंक्रीट, पाइपों और प्रकाश के माध्यम से, भारत लगातार एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहा है, जहां एक सम्मानजनक जीवन का सिर्फ वादा ही नहीं किया जाता, बल्कि उसे जिया भी जाता है।

## **"स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान"**

"स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के तहत प्रदेश में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से करीब चार लाख लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिनमें दो लाख अस्सी हजार महिलाएं शामिल हैं।

इसी कड़ी में माओवाद प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में स्वास्थ्य दल इंद्रावती नदी को नाव से पार कर कोंडे ग्राम पहुंचा और स्वास्थ्य शिविर लगाया। इस दौरान एक सौ बत्तीस मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई।

## शारदीय नवरात्र

मां शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र पर्व आज से शुरू हो गया है। आज से लेकर नौ दिनों तक सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में मां शक्ति के विभिन्न रूपों की विशेष पूजा—अर्चना की जाएगी। मंदिरों में आज से घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। वहीं, चौक—चौराहों में स्थित पंडालों में भी देवी प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने प्रदेशवासियों को नवरात्र पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

इस बीच, यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ़ स्थित मां बमलेश्वरी के दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों के सुरक्षित आवागमन के लिए कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक कॉरिडोर बनाया गया है।

## मौसम

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक—दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

– रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत भिलाई पॉवर हाउस में रेल यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री टिकट सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है।

–	कोरबा जिले के पसान वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तनेरा के गोरिल्ला डांड जंगल में हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

–	बालोद पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक डॉक्टर से पचास लाख रुपये की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को औरंगाबाद से गिरफ्तार किया है।

और

–	सक्ती जिले के हसौद में ग्यारह केवी विद्युत खम्भे में कार्य करने के दौरान करंट की चपेट में आने से तीन ठेका कर्मचारी झुलस गए। इनमें दो की हालत गंभीर बताई गई, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>